प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात की 128वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार : आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा कार्यक्रम।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में गीडा के 36वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 408 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : बदलते हुए भारत में उत्तर प्रदेश की अहम भूमिका पर दिया जोर।
3. केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री जयन्त चौधरी न मेरठ में स्पोर्टएज का किया शुभारंभ : कहा– इस मॉडल से स्पोर्टिंग ईकोसिस्टम में रोजगार, निर्यात और समावेशी विकास को मिलेगा बढ़ावा। और
4. लखनऊ में चल रही सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चंपियनशिप 2025 के महिला एकल में भारत की उम्मीदें टूटीं : महिला युगल के फाइनल में पहुंची तृषा जोली और गायत्री गोपीचंद पुलेला की जोड़ी।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम को

पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी से हिन्दी में प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा के 36वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने गीडा में 408 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज सुरक्षा का बेहतर माहौल है। उन्होंने कहा कि बदलते भारत के निर्माण में उत्तर प्रदेश अहम भूमिका निभा रहा है। बाइट.....

*आज हम नए बदलते हुए भारत को देख रहे हैं तो बदलते हुए भारत में उत्तर प्रदेश अपने आप को पीछे नहीं कर सकता है और उत्तर प्रदेश ने भी तेजी के साथ भारत के बदलाव के साथ अपने आप को तैयार किया। आज परिणाम है कि उत्तर प्रदेश के अंदर डबल इंजन की सरकार आने के बाद आज उत्तर प्रदेश में 45 लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। 15 लाख करोड़ के निवेश इसके प्रस्ताव जमीनी धरातल पर उतारे जाते हैं।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर सभाकक्ष में खिचड़ी मेला की तैयारियों को लेकर महापौर और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति पर लगने वाले विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेले से जुड़े सभी कार्य 20 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं। खिचड़ी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व सहूलियत प्राथमिकता होनी चाहिए। पेश है एक रिपोर्ट.....

*खिचड़ी मेला की तैयारियों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न विभागों की तरफ से खिचड़ी मेला को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। बैठक में श्री योगी ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्षभी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खिचड़ी मेला स्पेशल ट्रेनों का संचलन किया जाएगा। इसके लिए रेलवे प्रशासन से संवाद कर अलग–अलग स्टेशनों से मेला स्पेशल ट्रेनों का संचलन कराने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि खिचड़ी मेला को लेकर परिवहन विभाग विशेष तैयारी करे। श्री योगी ने खिचड़ी मेला में सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था को शीर्ष प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा चुस्त दुरुस्त होनी चाहिए। गिरीश नारायण चौबे, आकाशवाणी समाचार, गोरखपुर।*

———————————

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने आज मेरठ के कैलाश प्रकाश स्पोट्‌स स्टेडियम में स्पोर्टएज यानि स्पोट्‌र्स एंड एंटरप्रेन्योरशिप

डेवपलमेंट फोर ग्रोथ एंड एक्सीलेंस का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री चौधरी ने कहा कि यह पहल स्थानीय युवाओं के लिये नये रोजगार और उद्यमिता के अवसर पैदा करेगी। उन्होंने कहा कि स्पोर्टएज को एक प्रमाणित और मापनीय मॉडल के रूप में डिजाइन किया गया है, जिससे भारत के भविष्य के स्पोर्ट क्लस्टरों में दोहराया जा सकता है। इससे स्पोर्टिंग इको सिस्टम में रोजगार, निर्यात और समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। बाइट.....

*हमारे मेरठ में बहुत टैलेंट है और अलग–अलग स्पोर्टिंग डिसिप्लिन में यहां के मेरठ ने बड़े अचीवर पैदा किए हैं, खिलाड़ी पैदा किए हैं। उनको प्रोत्साहन देने के लिए यहां के खेल उद्योग जो वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट में भी राज्य सरकार के नीति का हिस्सा है और एक बड़ा उद्योग है। यहां लाखों को रोजगार भी देता है। उस इंडस्ट्री को बढ़ाने के लिए और कौशल विकास की जो संभावना है, उसे बढ़ाने के लिए हम लोगों ने संकल्प लिया है। खिलाड़ियों को, उद्योग को और नए उद्यमियों को बढ़ाने के लिए एक नया कार्यक्रम एक नया अभियान जिसकी शुरुआत आज हुई।*

————————

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने आज लखनऊ में 1 दिसंबर से लागू होने वाली विद्युत बिल राहत योजना 2025–26 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि इस योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार, नियमित मॉनिटरिंग और ग्राउंड लेवल निरीक्षण के साथ लागू किया जाए।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

प्रदेशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआऱ अभियान जारी है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गणना प्रपत्र संग्रह करने की अंतिम तिथि नजदीक आ रही है, शेष बचे हुए मतदाताओं से यथा शीघ्र गणना प्रपत्र संग्रह कराया जाए। इसी क्रम में पीलीभीत जिले में आज विशेष पुनरीक्षण अभियान एस आई आर के प्रचार प्रसार के लिए स्कूल कॉलेजों में छात्राओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। श्रावस्ती में 3 बीएलओ को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। गाजियाबाद में भी प्रशासन ने 10 बीएलओ को पुरस्कृत किया। वाराणसी के मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यों का जायजा लेने के लिए जनपद के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। गौतमबुद्ध नगर जिले में बीएलओ विनीता

सिंह ने बताया कि समय रहते हम अपने लक्ष्य को पूरा करेंगे। बाइट.....

*मैं घर–घर जा रही हूं और डोर टू डोर फॉर्म बांट के भी आई हूं और कलेक्ट भी कर रही हूं। जो समय सीमा 4 दिसंबर तक निर्धारित की गई है, इसके अंदर हम लोग अपना 100: काम करने का सुनिश्चित करेंगे।*

————————

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दर घटाने के बाद 22 सितम्बर को शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। इस कड़ी में आज हम आपको जानकारी दे रहे हैं कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से खाद्य क्षेत्र को कैसे बढ़ावा मिल रहा है।....

*नए जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने आवश्यक खाद्य पदार्थों पर कर की दरें कम कर आम आदमी को बड़ी राहत दी है। इन सुधारों के तहत पराठा, ब्रेड, रोटी, पनीर और अल्ट्रा हाई टेम्प्रेचर दूध जैसे खाद्य पदार्थों को अब पूरी तरह से कर मुक्त कर दिया गया है। साथ ही मक्खन, घी, कन्डेंस्ड मिल्क और जैम पर अब सिर्फ पांच प्रतिशत कर लग रहा है, जिससे मध्यमवर्गीय परिवारों में इन उत्पादों की मांग बढ़ गई है। इसके अलावा नमकीन, भुजिया, मिक्सचर, पीने का पानी, सॉस और चीनी पर लगने वाले 12 प्रतिशत जी.एस.टी. को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। आरजू के साथ आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

————————

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण की मेजबानी करने के लिए वाराणसी पूरी तरह तैयार है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए काशी हिंदू विश्वविद्यालय और आईआइटी–मदास

शैक्षणिक साझेदार हैं। बीएचयू की गतिविधियों और सहभागिता पर आयोजित आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत, बीएचयू और आईआईटी—बीएचयू 2 से 15 दिसंबर के बीच विभिन्न विषयों पर सात शैक्षणिक सत्रों की श्रृंखला संयुक्त रूप से आयोजित करेंगे। बाइट.....

*इसमें एकेडमिक पार्ट करने के लिए जो तमिलनाडु से जो लोग आ रहे हैं, उनको सात ग्रुप्स में डिवाइड किया गया है और वह अलग—अलग दिन ग्रुप्स आएंगे और पूरा दिन हमारे कैंपस में रहेंगे और बीएचयू और आईटी बीएचयू के टीचर्स और यहां के जो फैसिलिटीज हैं, उन सबको जो है देखेंगे, उनको अनुभव करेंगे और उसके हिसाब से जो एक थीम है उसका उसको हम पढ़ाएंगे।*

वहीं काशी—तमिल संगमम के अंतर्गत आज दशाश्वमेध घाट पर वनक्कम काशी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

——————————

लखनऊ में चल रही सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चंपियनशिप 2025 में आज महिला एकल सेमीफाइनल में भारत की तन्वी शर्मा को जापान की हिना अकेची ने हरा दिया। वहीं सेमीफाइनल के एक दूसरे मुकाबले में उन्नति हुड्डा को भी हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ महिला एकल में भारतीय चुनौती

समाप्त हो गई, जबकि महिला युगल के फाइनल में तृषा जोली और गायत्री गोपीचंद पुलेला की भारतीय जोड़ी फाइनल में पहुंच गई है। चंपियनशिप में सभी वर्गों के फाइनल मुकाबले कल खेले जाएंगे।

(समाप्त)